an>

Title: Need to re-start air services to Aurangabad in Maharashtra.

**श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील (औरंगाबाद):** अध्यक्ष महोदय, मैं महाराष्ट्र के औरंगाबाद से ताल्लुक रखता हूं । यह वह शहर है, जहां पर दुनिया के दो वर्ल्ड हेरिटेज अजंता और एलोरा हैं । पूरी दुनिया में ऐसा कोई शहर नहीं है, जहां पर दो वर्ल्ड हेरिटेज, मॉन्यूमेंट्स 100 किलोमीटर की दूरी पर हैं ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि जेट एयरवेज बंद हो गई है । एक एयरवेज बंद होने से न जाने कितने लोग बेरोजगार हो जाते हैं । चूंकि औरंगाबाद एक टूरिज्म सिटी है, वहां बहुत सारे टूरिस्ट्स आते हैं । एयरलाइन्स बंद होने से बहुत लोग बेरोजगार हो गए हैं । औरंगाबाद एक इंडस्ट्रियल सिटी है । वैसे मराठवाड़ा एक बैकवर्ड रीजन है । सिर्फ औरंगाबाद में ही इंडस्ट्रीज हैं । आज लोगों के पास बेहिसाब पैसा है, लेकिन वक्त नहीं है । एक एयरलाइन को स्टार्ट करने के लिए हम पिछले कई दिनों से सिविल एविएशन की अथॉरिटीज के साथ बात कर रहे हैं । मैंने खुद कल सिविल एविएशन, सेक्रेट्री और मिनिस्टर से बात की । उनका कहना है कि पायलेट्स दूसरी एयरलाइन्स ज्वाइन कर ले रहे हैं । सवाल सिर्फ पायलेट्स का नहीं है बल्कि सवाल यह है कि एक एयरलाइन के बंद होने से पूरी इंडस्ट्री कोलैप्स हो गई है, होटल्स खाली पड़े हुए हैं और ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्री खाली पड़ी हुई है और इंडस्ट्रियलाइजेशन के ऊपर भी इसका बहुत असर पड़ा है ।

हम सरकार से अनुरोध करना चाहते हैं कि दिल्ली और मुंबई के लिए जल्द से जल्द कम से कम दो एयरलाइन्स औरंगाबाद के लिए स्टार्ट करें । एक गोल्डेन ट्राइएंगल हुआ करती थी, वह एयरलाइन एयर इंडिया चलाती थी । जो दिल्ली, जयपुर, उदयपुर, औरंगाबाद और मुंबई को कनेक्ट करती थी । बहुत टूरिस्ट्स इसका फायदा उठाते थे । मैंने सरकार से यह अनुरोध किया है कि प्राइवेट एयरलाइन्स को नहीं, अगर खुद की एयरलाइन, एयर इंडिया को आप आदेश देते हैं, यह दोबारा स्टार्ट किया जाता है तो अच्छा होगा । कल प्रधान मंत्री

साहब ने कहा कि हम टूरिज्म को बढ़ावा देना चाहते हैं । हम चाहते हैं कि इसकी शुरुआत औरंगाबाद से की जाए ।

**माननीय अध्यक्ष :**

डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे और

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत को श्री सैयद इम्तियाज़ जलील द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।